गुरु शोभा

Equestrian portrait, of Guru Gobind Singh, 18th century
Kangra School-Guler Pati
Courtesy : Dr. M. S. Randhawa, I.C.S.

सम्पादक

डा० जयभगवान गोयल

पंजाब यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन ब्यूरो, चंडीगढ़

(सेनापतिकृत)

गुरु शोभा

गुरु गोबिंदसिंह के जीवन पर आधारित प्रबन्ध-काव्य

सम्पादक

डा० जयभगवान गोयल

रीडर, हिन्दी विभाग

पंजाब यूनिवर्सिटी स्नातकोत्तर प्रादेशिक केन्द्र, रोहतक।

पंजाब यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन ब्यूरो, चंडीगढ़

डा० हरिभजनसिंह का कथन है कि इससे कवि जहां अनावश्यक विस्तार का निराकरण करके अपने चरित्र नायक का यशोगान करने में सफ़ल रहा है, वहां इस से यह दुष्परिणाम भी निकला है कि उनके युद्धों का औचित्य स्थापित नहीं हो पाता। इन कारणों के अभाव में ऐसा प्रतीत होने लगता है कि गुरु जी लूट मार करने अथवा पहाड़ी राजाओं को आतंकित करने और भयभीत करने के लिये ये युद्ध लड़ रहे थे। क्योंकि स्वयं कवि ने एक स्थान पर कहा है कि पहाड़ी राजा उनके आतंक से भयभीत होकर अपने त्राण के लिए मुगलों से सहायता मांगते हैं। इस प्रकार गुरु जी के युद्ध अनावश्यक, अनीतिपूर्ण और अनुचित प्रतीत होने लगते हैं।"

इस सम्बन्ध में हम इतना ही कहना चाहते हैं कि सेनापति ने पूर्ण रूप से 'विचित्र नाटक' का अनुकरण किया है। उस में भी युद्धों के कारण नहीं दिये गये। उन समसामयिक युद्धों के लिये जिनका वर्णन इस ग्रंथ में हुआ है, कारण देने की सम्भवतः इस लिये भी आवश्यकता नहीं समझी गई, क्योंकि वे कारण सभी को ज्ञात थे। कवि ने उन्हीं प्रसंगों का वर्णन किया है जिनसे गुरु जी की शक्ति एवं साहस का प्रदर्शन हो सके। लक्ष्य व्यंजना से ही अभिप्रेत है। युग-परिस्थितियों के परिप्रेक्ष में जब इस ग्रंथ का अध्ययन किया जाता है, तो कवि की राष्ट्रीय-भावना तथा युग-चेतना का सही रूप सामने आता है। भूषण ने भी शिवाजी के युद्धों की पृष्ठभूमि का कहीं उल्लेख नहीं किया। केवल उनकी वीरता एवं शौर्य के आतंक एवं शत्रुओं के भय और त्रास का वर्णन किया है। सेनापति ने भी इसी पद्धति का अनुकरण किया है। इस लिये उसे भूषण के समकक्ष रखा जा सकता है। सेनापति ने इस ओर संकेत अवश्य किया है कि ये युद्ध धर्मानुरागी वीरों द्वारा लड़े गये हैं। इस ग्रंथ की राष्ट्रीय-भावना को व्यक्त करने के लिये यह संकेत पर्याप्त है।

युद्ध वर्णन :

जहां तक युद्ध वर्णन का सम्बन्ध है, युद्ध के सजीव और ओजपूर्ण चित्र अंकित करने में कवि को पूर्ण सफलता मिली है। सेना-प्रस्थान, युद्ध-भूमि एवं

भूमिका

'गुरु-शोभा' गुरु गोबिन्दसिंह के जीवन पर आधारित प्रथम पद्य बद्ध प्रबन्ध है जिसकी रचना दशम गुरु के अनन्य भक्त, उनके दरबारी कवि सेनापति ने खालसा पंथ की स्थापना के पश्चात् संवत् १९५८ वि० में की।[1] इसमें कवि ने अत्यन्त श्रद्धा एवं निष्ठा भाव से उनके शौर्य और साहस का वर्णन किया है। यह वीर रस प्रधान रचना है, क्योंकि इस में गुरु गोबिन्दसिंह की युद्ध-कथाओं का वर्णन ही अधिक विस्तार से किया गया हैं। इसके ३० अध्यायों में से ९ युद्ध-कथा से सम्बन्धित हैं, अन्यत्र भी युद्ध का वर्णन हुआ है। इस ग्रंथ में कवि का उद्देश्य इन युद्ध-कथाओं के वर्णन द्वारा दशम गुरु के युद्धानुराग एवं शौर्य का यशोगान करना ही है। घटनाएं अधिकतर इतिहासनाकूल हैं। यद्यपि कवि ने चरित्र-नायक के अवतारत्व को स्वीकार किया है, तथापि उसमें ऐसी चमत्कारपूर्ण और अलौकिक घटनाओं का समावेश नहीं किया गया, जैसा कि परवर्ती प्रबन्धकारों ने किया है। इस रचना में खालसा रचने का विवरण एवं खालसा के गुण, केश, कृपाण आदि रहित-मर्यादा का भी वर्णन है।

सेनापति को युद्ध वर्णन की प्रेरणा 'विचित्र-नाटक' से ही मिली है, किन्तु 'विचित्र-नाटक' में जहां गुरु गोबिन्दसिंह के खालसा की स्थापना के पूर्व के युद्धों का वर्णन हुआ है, वहां इस ग्रंथ में खालसा पंथ की स्थापना के बाद के युद्धों का भी चित्रण किया गया है। सेनापति ने यद्यपि 'दशम ग्रंथ' में गुरु जी के पहाड़ी राजाओं एवं मुगलों से किये गये यूद्धों का सजीव चित्रण किया है, तथापि इनमें विशदता और सर्वांगीणता नहीं है। युद्ध-कथा के वे ही प्रसंग उभारे गये हैं जिनसे गुरु जी के साहस, शौर्य और शक्ति को प्रकट किया जा सके।

---

(१) संवत सत्रह से भये बरख अठावन बीत।६।

वीरों के साहस और उत्साह के भी यथार्थ एवं वेगपूर्ण चित्र प्रस्तुत किये गये हैं। जिस समय गुरु गोबिन्दसिंह युद्ध के लिये प्रस्थान करते हैं तो उनके आतंक से सभी नगर नगरियां कांप उठीं, लोक प्रलोक भयभीत हो गये, शेष, महेश, सुरेश सभी लरज़ उठे।[1] आनन्दपुर के घोर संग्राम का भी कवि ने सजीव वर्णन किया है। दोनों दलों की भिडन्त का एक उदाहरण देखिए :

दोहरा—लड़े मोरचे तुरक के ऊपरि चढी कमान।
इत सनमुख भयै खालसा होत वीर संग्राम।

सवैया—सेत मनों बरखै घन तैं, तहां गोला चलै समरा सु असाही।
तोप छूटे गरजे घन, ज्यों लरजै हियरा मानों बिज्ज कड्डकै।
ठऊर रहे जिह के डर लागत, होत है छाती के पाट पडक्के।
या विधि सों ताहि गोला चलै टिक है नहीं सूरा ताहि के धक्के।
राजन के अवसान गए तब आनन्द कोट ते तोप छुडक्के।

'विचित्र नाटक' की भांति सेनापति ने भी योद्धाओं की भिडन्त, शस्त्र-अस्त्र प्रहार तथा उनके शौर्य का ही वर्णन अधिक किया है परन्तु 'दशमग्रंथ' में युद्ध-भूमि का जैसा विकराल, भयावह एवं वीमत्स रूप प्रस्तुत किया गया है, वैसा इस ग्रंथ में नहीं है। युद्ध की भीषणता और प्रचण्डता का वर्णन कहीं कहीं अवश्य हुआ है। युद्ध-भूमि में एकत्रित योद्धाओं की भिडन्त एवं क्षत–विक्षत होकर गिरने आदि का एक उदाहरण देखिये :

दौर दौर जोधा लरत मानहू लरत गयन्द।
चलत चलत धरनी हलत बजत सार किलकन्त। पृ० ५०

दौर दौर फौजन में परही। सिंह सबै ऐसी विधि करही।
बजै सार सो सार अपारा। झड झडाक बाजै झुनकारा।
पडपडाक धरती पर परही। जूझे सूर बहुत तह मरही।

---

१. डंकन घोर सु घोर भई, सुनिक पुरीआं सब ही लरजी।
लरजे सब भान भिआन भए किह कारन काज चढ़यो हरि जी।
लोक अलोक सभै लरजे, शिव जी कैलाश पति भै डरजी।
सुन शेस महेश सुरेश बड़े लरजे सिंह गोबिन्द के डर जी।

इक घायल ह्वै गिरे विहाला। एक्न प्रान आप तजै ततकाला।
इक भाजै फिरि निकट न आवै। इक सनमुख ह्वै जुद्ध मचावै।
लरे सिंह इह भांति अपारे। चढी खुमार भये मतवारे। पृ० ६३

युद्ध-भूमि :

रुधिर में भीगे शूरवीरों एवं लोथों से भरी हुई रक्त-रंजित युद्ध-भूमि का वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है :

लग्यों वार ऐसे बह्यो स्रोत भारी।
भयो लाल बाण भिजो देह सारी।
चलत रक्त दरिआउ गिरत बूझत सूर तह,
दिवस रैनि होइ गइ पौन हुई रही मंद जह।
गिरी लोथ पै लोथ ऐसे पुकारे।
कहु ताक ते तोरिकै फूल डाके। (पृ० ९८)
गिरी है लोथ दबी भौ परी ताहि का वस्त्र
सूके धरे सर किनारे।
स्रोण के रंग में लाल हुई भुई परे मनो रंगरेज रंग रंग डारे।

ऐसे स्थलों पर कवि ने सादृश्य मुलक अलंकारों का सहारा लेकर युद्ध-भूमि के दृश्य को यथार्थता और चित्रात्मकता प्रदान कर दी है। कहीं कहीं तो युद्ध को वर्षा, फाग, रास अथवा मल्ल युद्ध के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है। वर्षा के रूप में युद्ध का चित्रण देखिये किस प्रकार किया गया है :

स्याम घटा उमडै चहू ओर तो यो उमडै दलदल कै आही।
दामन जो दमकै तरवार लिये करवार फिरावत ताही।
सूर का सुआबी तो धार परै घन मै मानों तास कमान की निआई।
छटत तीर मनो रन मधि जू सावन की बरखा बरखाही।

यहां वर्षा की साज सज्जा में युद्ध के सभी उपकरण विद्यमान हैं। इस रूपक के द्वारा युद्ध का एक साकार चित्र नेत्रों के सामने आ जाता है।

वीरों का व्यक्तित्व—

सेनापति ने गुरु गोबिन्दसिंह तथा उनके सैनिकों के वैयक्तिक शौर्य और साहस का भी प्रदर्शन किया है। अजीतसिंह के पराक्रम की प्रशंसा इस प्रकार की गई है :

ता दिन गडडू रण खम्भ सिंह रणजीत धरत पर।
धरत लरज उठी धूर भान छिप गयो अपि घर।
पवन मंद हुई रही रैनि भई दिवस छिपानों।
लरजै सकल अकास तोप छूटी परमानों।
बज्यों निसान तिहु लोक मैं सुनि देवन मन भौ भयो।
चढि चढि बिवान देखत चले सु संकर समेति नाहि को दियो।

कवि ने केवल गुरु पक्ष के शूरवीरों की ही प्रशंसा नहीं की वरन् शत्रुपक्ष के वीरों को भी सूर सूरमा, जोद्धा, वीर आदि विभूषणों से विभूषित किया है और उनके शौर्य और साहस की प्रशंसा की है। परन्तु ऐसा कवि ने अपने नायक की उत्कृष्टता सिद्ध करने के लिये ही किया है। क्योंकि समान बल वाले शत्रु पर विजय प्राप्त करना ही गौरव की बात है, निर्बल शत्रु को मारना कोई वीरता नहीं होती। बीच बीच में कवि ने खालसा की प्रबलता और उत्कृष्टता का संकेत कर भी दिया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि सेनापति ने युद्धों का बहुत ही सजीव और ओजस्वी वर्णन किया है और उसमें वीर रस के सभी उपकरण विद्यमान हैं। युद्ध वर्णन में भीषणता और वेग लाने के लिये उसने टकारात्मक व्यंजनों, संयुक्ताक्षरों तथा ध्वनि-शब्दों का भी प्रयोग किया है। छन्द भी युद्ध गति के अनुकूल प्रयुक्त किये हैं।

जब हम इस रचना की वीर भावना पर विचार करते हैं तो पता चलता है कि इसमें रीतिकालीन पद्धति पर धन-प्राप्ति के लिये झूठी चाटुकारिता से प्रेरित होकर आश्रयदाता की वीरता की अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशंसा नहीं की गई। वरन् इस ग्रंथ की रचना धर्म-भावना एवं भक्ति-भावना से प्रेरित होकर की गई है। इसमें जिस वीर नायक का यशोगान किया गया है वह भारतीय राष्ट्रीय जागरण एवं सांस्कृतिक-चेतना का अग्रदूत है, परिणामतः उसकी वीरता का यशोगान करने वाले कवि को राष्ट्र-कवि की उपाधि से विभूषित किया जा सकता है। इस रचना में हिन्दुओं के प्रबल विरोध एवं विद्रोहात्मक आन्दोलन को व्यक्त किया गया है। इस में चरित्र-नायक का जो उज्ज्वल व्यक्तित्व उभरता है, वह युग-चेतना को जागृत करने वाले राष्ट्र-नायक एवं धर्म योद्धा का रूप है अतः यह रचना राष्ट्रीय-भावना से ओतप्रोत है। बीच बीच में सिक्ख-मत की आध्यात्मिकता उनकी रहित मर्यादा, नैतिक आदर्शों, गुरु महिमा, संत-संगति के महत्व एवं भक्ति-भावना का भी प्रकाशन हुआ है और गुरु जी को अकाल पुरुष का रूप बताया गया है। ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस ग्रंथ का अत्यधिक महत्व है।

रोहतक
१ जनवरी, १९६७

जयभगवान गोयल

गुरु शोभा

१ ओंकार स्री वाहिगुरू जी की फते है ।।

श्री गुर सोभा ग्रंथ लिखियते ।

प्रिथम धिआउ पंथ प्रगास ब्रननं ।।

खालसा बाच ।।

दोहरा—एक समै हित सौ हितू उचरी हित चित लाइ ।
प्रभ रचना ऐसे रची सो कहु कहो सुनाइ ।१।

सवैया—सुनके उपजी तब ही मनमै बरनौ उपमा प्रभ की कहीए ।
मति थोरी सी थोरी हूतै छिन एक सु तेरी दिआल दया चहीए ।
कहिबो बिनती करि जोरि दोऊ हरि कीजै सोऊ जु परै सहीए ।
तुमरी उपमा तुमही बरना कर आपन ते कर मो गहीए ।२।

दोहरा—मति थोरी उपमा घनी किह बिधि बरनी जाइ ।
बिनउ करै करि जोरि कबि सतिगुर होहु सहाइ ।३।

दोहरा—नमसकार करि जोरि कै करित जीव अरदासि ।
रचो ग्रंथ तुमरी कथा करहु बुध प्रगास ।४।
गुरसोभा या ग्रंथ को धरो सु नाव बिचार ।
सुनत कहत गति होत है मन अंतरि उरधारि ।५।
संमत सत्रह सै भए बरख अठावन बीत ।
भादव सुद पंद्रस भई रची कथा करि प्रीति ।६।
सतिगुर की उपमा कहो दिवस रैनि बीचारि ।
दीजै सुधि बुधि बर, करनहार करतार ।७।

चौपई—त्व प्रसादि गुरू उपदेसे । जनम जनम के मिटे अंदेसे ।
तब इह कीट पतित मनि आयो । भई क्रिपा गुर मारगि पायो ।८।

तब मन मीत मोहि इम भाखी । प्रगटि कहौ सतिगुर की साखी ।
जो प्रभ गुर को बचन सुनाए । कहौ कथा सुनो चित लाए ।६।
निरमल पंथ जोति उजिग्रारी । दीरघ प्रबल सबल ग्रति भारी ।
जब गुर कछु इक बुधि प्रगासी । दया करी पूरन ग्रबिनासी ।१०।
सतिगुर सोभा इह ते कहौ । तिह प्रताप प्रभ पद लहौ ।
पूरन पुंन परे तिह सरना । ग्रमर भए फिर जनम न मरना ।११।
ग्रब सतिगुर के नाम बखानो । परम पुरख तिह ते पहिचानो ।
प्रथमे सतिगुर नानक भए । ग्रंगद ग्रमरदास प्रगटए ।१२।
तिह ते रामदास गुरू जानो । ग्ररजन हरिगोबिंद पछानो ।
तिह ते गुरू भए हरिराइ । फेरि गुरू हरिक्रिसन कहाइ ।१३।
प्रगट भए गुर तेग बहादर । सगल स्रिसटि पै ढापी चादर ।
करम धरम की जिनि पति राखी । ग्रटल करी कलजुग मै साखी ।१४।
सगल स्रिसटि जाका जस भयो । जिह ते सरब धरम बंचयो ।
तीन लोक मै जै जै भई । सतिगुरि पैज राखि इम लई ।१५।
तिलक जनेऊ ग्ररि धरमसाला । ग्रटल करी गुर भए दिग्राला ।
धरम हेति प्रभ पुरहि सिधाए । गुरू गोबिंदसिह कहिलाए ।१६।

सवैया—गुरु तेग बहादर ते गुरु गोविंदसिंह भयो तारण तरणं ।
त्रई लोक बिखै जैकार भयो प्रगटिग्रो गुरू ग्रादि क्रिग्रा करणं ।
दुसट बिडारण संत उबारण सब जग तारण भव हरणं ।
जै जै जै देव करै सभ ही तिह ग्रान परे गुर की सरणं ।१७।

चौपई—तिह बखसीस करी करतारं । प्रभू बाक इम कहो बिचारं ।
तुम मेरा इक पंथ चलावो । सुमत देह लोगन समझावो ।१८।
जो प्रानी जम मग ते डरै । सुन उपदेस सरनि तुहि परै ।
जो प्रभ पंथ रचै रच प्रीतं । हों तिह संगि मोहि इह रीतं ।१६।
भगति हेत जे जे हम रचे । लै लै सिधि जगत मै मचे ।
ग्रपनी ग्रपनी पूज लगाने । ग्रपने ग्रापि ग्रापि उरझाने ।२०।
हम सो इह बिधि करै करारी । निस दिन उसतति करहि तिहारी ।
बचन बिसार रहे बिख माही । तिनको मोख मुकति इम नाही ।२१।

भुजंगप्रयात—बनायं बिनासं उपायं खपायं । करनहार करतार जोनी भुलायं ।
कई जंत जोधा बड़े आपि कीने । तिनै सिसटि मैं आन सरबंस दीने ।२२।
उदे असति लउ राज राजा कहाए । लगे धिआन अउरे सु आपे कहाए ।
बडे राछसं जोर जोधा बलीअं । चलीअं हलीअं धरीअं सुईअं ।२३।
नही एक जाने बडे अबकारी । तिअं मारिबे काज चंडी सुधारी ।
कीए छार संसार मै सोभ होई । कहै ताहि ऐही सु दूजा न कोई ।२४।
कीए भूप भारी बड़े छत्रधारी । सुई भरम भूले कीए जुध भारी ।
तयं मारबे काज बिसनं हकारे । धरे आन संसार अउतार सारे ।२५।
तिनै मारि के छार कै कै रिसाए । भई सोभ जग मै सु आपं कहाए ।
महा ब्रहम रूपं सु ब्रहमै कहायो । ब्रहम भेद रचं एक तिनहूं न पायो ।२६।
महादेव देवंत देवा कहायो । गयो भूल सोऊ सु लिंगं पुजायो ।
किते राज रिखं भए छत्रधारी । कीए ताहि सिम्रति भई पूज सारी ।२७।

रसावलछंद—जिते सरब भेखं । तिते सरब पखं ।
न पायो अलेखं । यहै बात देखं ।२८।
जिते मै पठाए । सु आपी कहाए ।
कही बात साचे । सु ऐसी न माचे ।२९।
तुझै जो बनाइआ । सु ऐही उपाइआ ।
करउ पंथ मेरा । धरम काज केरा ।३०।
यहै के पठायो । तबै स्रिसटि आयो ।
भए केस धारी । धरी फेरि सारी ।३१।
ढुले प्रेम पासा । अजाइब तमासा ।
कीए बाक भारे । भए जुध सारे ।३२।
भिरे सिंह सूरे । कीए काज पूरे ।
अचल नीव डारी । टरैगी न टारी ।३३।
यहै बात जानो । रिदै साच आनो ।
कीओ पंथ ऐसा । कहियो आप तैसा ।३४।
छपै न छपाइआ । घटै न घटाइया ।
दिनो दिन सबाइआ । सुडंका बजाइआ ।३५।

सुनै घोर ताकी । मिलै ताहि झाकी ।
सरंण ताहि आवै । सोई सुख पावै ।३६।

भुजंगप्रयात——कई भरम भूले भरम मै भुलाने । कई सरन आए कीए ताहि गियाने ।
कितै जीव आई कहा चाल कीनी । दइआ धार करतार यह बुधि दीनी ।३७।
दोऊ हाथ जोरे स्रनि ताहि पाई । कीउ नाम खालस खलासी बताई ।
स्रब सुख पाए दीए राजराजं । सुनो बेनती राज राजाधिराजं ।३८।
सिदक मोर साबूत मजबूत कीजो । करनहार करतार यही दान दीजो ।
करो द्रिसटि ऐसी सु तोयं निहारो । कथो बाक बानी सु ततं बिचारो ।३९।
सदा एक जोतं तिसै साच जानो । रहउ ताहि स्रनी न दूजै भ्रमानो ।
कहों सोभ तरी यहै टेव कीजै । जि मोपै कहावै तुमो दान दीजै ।४०।
कहउ दिवस रैना कहो सरब मासे । कहो जागते सोवते सासि ग्रासे ।
सु आदं जुगादं जगे जोत जाकी । अबै अंत लउ होइगी अंत ताकी ।४१।
इत स्री गुर सोभा पंथ प्रगास वचन उसतति प्रिथम धिआऊ ।। सपूरनमसत सुभमसतु ।१।

दोहरा——जो चलित्र प्रभ पुरख के ताको करत बिचार ।
जथा सकति उपमा कहत मन अंतरि उरिधारि ।१।४२।
आदि अंत तिह पुरख की नवतन कथा अपार ।
वरनि बरनि कथि कथि रहत कोऊ न पावत पार ।२।४३।

चौपई——अगम पुरख की अगम कहानी । गुर क्रिपा ते कछूक जानी ।
तिह प्रताप कथा तिह कहौ । सतिगुर परम पदारथ लहौ ।३।४४।
सति सरूप रूप गुर भारी । बरन चिहन उपमा उजिआरी ।
ता सम अवर कवन कब धरै । तुमरी सोभा तुमै प्रभ सरै ।४।४५।

कवित्त——तुही गुरू नानक है तुही गुरू अंगद है,
तुही गुरू अमरदास रामदास तुही है ।
तुही गुरू अरजन है तुही गुरू हरिगोविंद,
तुही गुरू हरिराइ हरि क्रिसन तुही है ।

नावीं पातिसाही तै कलि ही मै कला

राखी तेग ही बहादर जग चादर सभ तुही है ।

दसवां पातसाहि तुही गुरू गोविंदसिंह,

जगत के उधारिबे को आयो प्रभ तुही है ।५।४६।

सवैया——जगो सरब पाइक तुही सरब लाइक भई लोक नाइक तुही होइ आयो ।

करे बैन वाचा इही काज राचा करो पंथ साचा सुतो को सुनायो ।

कीओ सति सते तिही रंग रते दई स्रिसटि मते कुपते खपायो ।

तिही नाम लागे भरम भार भागे प्रभू प्रेम पागे इमै दभे पायो ।६।४७।

दोहरा——माखोवाल सुहावना सतिगुर को असथान ।

लीला अनिक अनेक बिधि कउतक करत बिहान ।७।४८।

चौपई——केतक बरस भांति इह भए । देस पावटे सतिगुर गए ।

जमना तीर महल बनवाए । करत अनंद प्रभू मन भाए ।८।४९।

अनिक भांति लीला तह करी । फते साह सुनिकै मनि धरी ।

बहुत कोप मन माहि बसायो । फउज बनाइ जुध कउ आयो ।९।५०।

दोहरा——बहुत परबल दल जोरि कै सैना संगि अपार ।

निकटि आनि डेरा दीए खबर भई दरबार ।१०।५१।

सवैया——भए असवार संग्राम को आप ही सिंह गोबिंद तिह ठउर आए ।

डंक की घोर जैसे भई ठउर तह बजत निशान मुहरे सुहाए ।

आन कै खेत पै देख चतरंग सब मोरचे बाटिकै मिसल लाए ।

बजी है भेर करनाइ सुरनाइ सब सुने ते सूर होइ लाल आए ।११।५२।

दोहरा——फते साह दल साजकै खरा भयो तिह थान ।

संगि राव राजा घने मन मैं कीओ गुमान ।१२।५३।

केतक दल इह फौज को कीनो साह सुमार ।

एक घरी की मारि मै हुई है सकल सथार ।१३।५४।

फते साह उत दल मंडिओ इतै साह संग्राम ।

पंच बीर जोधा बली जिन जीते संग्राम ।१४।५५।

सवैया—कोप कै सूर दुहूं ओर ते धाइकै आन संगराम मै ससत्र बाहे ।
गिर सुआर इह भांति भवचाल रण मै भयो मार ही मार कै आनि गाहे ।
नचत है भूत बैताल भैरो तहा गिध मंडलात रण मैं सुहाहे ।
आनि कै जोगिनी पत्र पूरन भरिओ अचव कै उदर तिनके अघाहे ।१५।५६।
जैमल कोप चडियो रण मै कर मै बरछी तिरछी गहि लीनी ।
फौज मै धाइ परिओ खुनसाइ कै केतन के उर अंत्र दीनी ।
मारि लीए असवार किते अरि पेल दई चतुरंग नवीनी ।
धूम परी सगरे रण मैं अब एक सवार यहै गति कीनी ।१६।५७।
रण मैं धसि कै इम लोह कीउ न कीओ तिह मोह महा मन को ।
जिम सारंग माहि पतंग परै न डरै करि लोभ कछू तन को ।
रण मैं इम धूम करी अत ही मनो खेलत कानर फागन को ।
इह भांति गुलाबु गुलालि लीए करि जाति जमात के डारन को ।१७।५८।
माहुरी चंद करवार संभारि कै टूम कै असुरण माह दीनो ।
आनि कै सुआर जो वार तापै करै पकरि कै ताहि तिह मारि लीनो ।
भांति इह सूर के तानि मारे तहा आपने जीव को भै न कीनो ।
एक को मारि कै दोइ टुकड़े करै दोइ को रूप चतुरंग चीनो ।१८।५९।
करी इम जंग सुनि गंगरामं वही तेग कर मै लई बेग धायो ।
देत असवार को सीस पै आनि के करत दूई टूकि भुइ माहि पायो ।
मारि चतुरंग चउरंग केती केती करी भूम लोटै परी भै दिखायो ।
धूम ऐसी परी भाज याही घरी काल को रूप इम सूर आयो ।१९।६०।

निराजछन्द—लालचंद आनि कै । कमान बानि तानि कै ।
कीओ सु जुध जानि कै । भली भई भली भई ।२०।६१।
सरूप रूप धारई । अनेक सत्रु टारई ।
करै सु मारि मारई । पुकारई पुकारई ।२१।६२।
क्रिसान खेत काटई । करी सु ताहि बाटई ।
न जीव चटा चाटई । सुथाटई सुथाटई ।२२।६३।
कीओ सु लोह लोहई । न जीव रख धोहई ।
सु चाल सूर सोहई । बिमोहई बिमोहई ।२३।६४।

सवैया—माहरू काहरू कोप कै जीव मै ससत्र लै हाथ मै बेग धाए ।
एक सो एक बलवंत सूरा सहस छिनक मै मारि रन मै गिराए ।
लोथ पै लोथ तह डारि केती दई स्रोन को सुंब यउ उमडि आए ।
परत है नीर गंभीर भारी कहूं मिलत है नीर इक तीर आए ।२४।६५।
मन मै अति धारि कीउ अति सारि समिओ ऐसी बार नहीं कर आवै ।
कोप कै क्रोध सौ काढि कै मिआन ते केतक के सिरि काटि ले आवै ।
भेट कीए प्रभ की तबही अरु कोप कै जुध को फेरि सिधावै ।
ऐसे प्रकाम कीए दयाराम सु द्रउन जो देखियो महा रन पावै ।२५।६६।
लै कुतका कर मे किरपान संभार कै खान हयात के मारियो ।
ऐसी दई सिर मै तिह के मनो तोरिओ पहार गदान सो डारिओ ।
मातो मतंग महा बलवान हनिओ छिन मै रन माहि पछारिओ ।
एक दई सु दई उह के फिरि दूसरी सो इक अउर सिंहारिओ ।२६।६७।
लै बरच्छी कर मैं तबही मनो देख कुरंग को सिंह जो धायो ।
मारि हकार बिदारि दीओ दल पेलत पेलत पेल चलायो ।
टूट कै ससत्र परे सबही कर लै जम धारि कितान को घायो ।
घायल सार सुमार भयो सु नंद ही चंद गोबिंद बचायो ।२७।६८।
खडग संभार ललकार खत्री चडियो जाइ रन मै परिओ अति सुहायो ।
लोथ पै लोथ तिह डारि केती दई छिनक मै अनिक बिधि लोह पायो ।
बान ऐसे बहे घाव तन मै भए सूर तन मै सहे भूमि आयो ।
अनिक रछ्या करी आप ताही धरी काल क्रिपाल ऐसे बचायो ।२८।६९।
साहिब चंद गइंदन जो मन मै कर रोस तबै उठि धायो ।
मार ही मारि कहै मुख ते कर वार संभारि कितो दल पायो ।
जो करवार सुवार संभारि कै जुध को सूर कै सामुहे आयो ।
ताहू को बारि विदार हकारि के आपने वार सौ ताहि गिरायो ।२९।७०।
साह संग्राम ने काम ऐसे कीए भीम ते जानि गुन चारि भारे ।
भले खान खुआनी हने छार कीने घने होइ कै अनमने सो सिधारे ।
गजैसिंह संग्राम मै भांत ताकी कहौ म्रिगन की मार नाहर डकारे ।
तहा कोप कै क्रोध सो आन संग्राम मै निकटि तिह आनके ससत्र धारे ।३०।७१

क्रोध सो कोप कै आन हरीचंद न पकर गुन बान ऐसे प्रहारे ।
भली भांति सौ खेत मै थानि असथिर कियो ससत्रधारी हने भूम डारे ।
ससत्र संभारि कै जीत मलं मने हने हरीचंद इह भांति मारे ।
बीर ताके बने वारि वाहे घने सुरग लोकं तबै ते सधारे ।३१।७२।

रसावल—भिरे बीर बीरं । परो भार भीरं ।
बगे बान तीरं । अधीरं विदारे ।३२।७३।
बजै सार सारं । झड़े चनिगिआरं ।
कडके कमाणं । ना बानं समारे ।३३।७४।
छुटै कोप तोपं । भई सूर सोखं ।
मिलै ताहि मोखं । सु कोखं उजारे ।३४।७५।
सोई काम आयो । तिनै सूर घायो ।
सुरगे सिधायं । कीए लोह भारे ।३५।७६।

दोहरा—जे सूरे दल मै हुते फउजन के सिरदार ।
जे जूझे सूझे सबै बाजियो साह अथार ।३६।७७।

सवैया—भाज कै साह पहाड ताही समै संगि लै बीरीआ बेग धायो ।
भाजिओ डढवालिआ संगि सीपाह लै चलत जो तीर गुन ते चलायो ।
रावचंदे लीआ छोरि संग्राम को हाथि लै ससत्र सैली सिधाओ ।
अडे पठान संग्राम भारी कीउ जीव अपना दीउ नाम पायो ।३७।७८।
कोप निजाबति खान तबै कर मै गहि वारि फिरावत आयो ।
साह खरो संग्राम तहा तिहके उर आन कै वार लगायो ।
साह संभारि हकारि तबै तिन को हनि कै रण मारि गिरायो ।
बीरन वार करे तिनके तब जूझत साह प्रभै पुर धायो ।३८।७९।

दोहरा—संगो का प्रभ ने धरिओ नाव साह संग्राम ।
तिह प्रकाम ऐसो कीओ तब पायो यह नाम ।३९।८०।

सवैया—जूझ कै साह संग्राम सुरगै गयो ससत्र संभारि प्रभ आप धायो ।
गहे गुन बान घमसान को जानकै छुट्टिओ गंभीर इक तिह गिरायो ।
बहुरि संभारि के वार ऐसा कीउ भीषनं खान के मुखं लायो ।
बचिओ पठान पै खेत बाहन रहिओ अउर इक तीर ते ताहि घायो ।४०।८१।

दोहरा—बाननि सो प्रभ जी तबै मारिश्रो भीषन खान ।
अउर वीर जाके हुते रुपे चहू दिस ग्रान ।४१।८२।

निराज छंद—हरीसु चंद ग्रान कै । कमान बान तान कै ।
निहार बान बाहिश्रो । प्रभू के घाइ न ग्राइश्रो ।४२।८३।
सु कानछुहे के गयो । न काम ताह ते भयो ।
दुतीक बान मारिश्रो । संभारि कै निहारिश्रो ।४३।८४।
चिलत माहि लगिश्रो । दिवाल पारि बरिश्रो ।
चुभी सु चिच रंचई । प्रभू पुरख बंदई ।४४।८५।
विचार वार सारई । कमान बान धारई ।
चलाइ तीर मारिश्रो । सुदूत को निहारिश्रो ।४५।८६।
अनेक बीर धावही । अपार बान लावही ।
हरी सु चंद मारिश्रो । समेत साथि टारिश्रो ।४६।८७।
सबै सु अंति भजई । प्रभू निसान बजई ।
अनंद घोर बाजई । प्रभू दुआर छाजई ।४७।८८।

सवैया—जीत संग्राम ग्रानंद मंगल भयो ग्रान गोबिंद गुण सबन गाए ।
धनि हो धनि प्रभ नाम तुमरो लीश्रो दुसट को जीत डंका बजाए ।
जीत अजीत अभीत जोधा बडे तोहि इक दिसट ते सबै धाए ।
भयो जैकार त्रई लोक चउदा भवन जीति कै सिंह गोविंद ग्राए ।४८।८६।
जीत वौ खेत प्रभ ग्रान कै पावटे कूच को साज मंगाइ लीनो ।
भार बरदार तयार कीनो सबै लाद असबाब कै कूच दीनो ।
ग्रानि कहिलूर मै ग्राप ताही समै ग्रनंदपुर बाधि बिसराम कीनो ।
सूर सीगार बेदार काइर दए रीत इह भांति कै कै पतीनो ।४६।६०।

दोहरा—केतक दिन केतक बरस तिहि पुर गए बिहाइ ।
संतन की रछा करी दूतन मारिश्रो घाइ ।५०।६१ ।

इत श्री गुर सोभा तेग प्रगास साह संग्राम जुध ब्रनन्नं धिश्राऊ दूसरा संपूरनमसतु सुभमसतु ।२।

दोहरा—राजन के हित कारने कीओ जुध इम जान ।
कथा जुध नंदवण को बनत ताहि बिआन ।१।९२।
मीआं खां की तरफ ते अलफ खान सिरदार ।
आण नादवण मै रहिओ कीनी धूम अपार ।२।९३।
भीमचंद कहलूरीआ हुतो राव इक जान ।
तह सो तिह की नहि बनी रचिओ जुध घमसान ।३।९४।
देस देस के राव सब लीने तिनह हकार ।
सतिगुर को कीना लिखा दया करो करतार ।४।९५।

सवैया—फउज सीगार कै आप ताही समै जुध के काज तिह ठउर धाए ।
एक सो एक बलवंत सूरा सहस भिरे तिह ठउर डंका बजाए ।
भयो संग्राम पर काम जोधान के भिरे इह भांति दल अनिक धाए ।
तुपक संभार कै आपि ताही समै सूर के तानि तिह ठउर धाए ।५।९६।

दोहरा—दूतन के दल अति विकट निकटि पहूचे आन ।
तब तुफंग कर ते तजी गहि लीने गुनबान ।६।९७।

सवैया—धनक संभार ललकार ताही समे काल के रूप बाणं परहारे ।
अनक जोधा हने अनक होइ अनमने अनिक तजि खेत खेतं सिधारे ।
अनिक लोटै परै अनिक भाजै घरै अनक डर बसत्र अर ससत्र डारे ।
हुती इक बार उजार कद की परी भाजि कै खान तामै पधारे ।७।९८।
ससत्र संभार ललकार धन जो करी मार ही मार कै सूर धाए ।
भजिओ जो खान इकबार ही ओटि लै बैठि तिह ठउर फिर जुध पाए ।
बान गोली चली रैनि आधी भली भाजि कै खान ताते सिधाए ।
अलफ खानान अरमान राखिओ नहीं आपने जोर के तान लाए ।८।९९।

दोहरा—जुध जीत ताही समै नव रस के तटि आन ।
पाच दोइ अरु एक दिन रहे तहा इम जान ।९।१००।
पउर पउर देखी ठउर राजन के असथान ।
बिदा भए ताही समै सतिगुर पुरख सुजान ।१०।१०१।
निकटि गाव अलसून के तबै पहूचे आन ।
ताहि समे ऐसे कहिओ लूटि लेहु इह धाम ।११।१०२।

सवैया—आन अलसून पै सूर ऐसे रुपै पकरि कै ससत्र ऐसे चलाए ।
परे जो जाइ संग्राम ऐसे कीओ छिनक मै अनक केतानि धाए ।
मारि केते लीए अउर भाजे सबै छोडि धन धाम ऐसे सिधाए ।
चलत है बान गुनजानि भारी प्रबल भजे है भांति ऐसे बताए ।१२।१०३।

दोहरा—फते कीओ अलसून को बाजिओ तबल निसान ।
गोबिंदसिंह आए तबै पुर अनंद सुभ थान ।१३।१०४।
इत स्री गुर सोभा राज हेत संग्राम तीसरा धिआइ संपूरनम सुभमसतु ।३।

दोहरा—केतक दिन केतक बरस इह बिधि गए बिदाइ ।
जे प्रभ सो चोरत कछू तिन तिन मारिओ धाइ ।१।१०५।
खान दिलावर आइ कै सुत संगि फउज बनाइ ।
तिनन कहिओ प्रभ सौ अरो निमख बिलंब नहीं लाइ ।२।१०६।

सवैया—फउज सीगार असवार हज़ार लै जुध के काज दल साज आयो ।
दिवस बीतिओ सबै रैन थोरी गई भयो असवार डंका बजायो ।
देखिकै नीर तिह तीर ठाढे भए सरक जासूस तिह ठउर आयो ।
लोग दर पै तबै देत चोकी सबै तिनन के पास ताने जनायो ।३।१०७।

दोहरा—स्रवनन सुनि आलम गयो प्रभ सो कहिओ बिचार ।
बिदा फउज कीनी तबै अपनी क्रिपा धार ।४।१०८।

सवैया—फउज ललकार संभार हथिआर पुकार कै मार ही मार धाए ।
एक सो एक बलवंत सूरा सरस भए असवार डंका बजाए ।
डंक झुनकार ललकार सूरान की सुनत ही खान खाने सिधाए ।
जान कै जीव मै भांति ऐसी भई अनक हज़ार दल उमड आए ।५।१०९।

दोहरा—भजे खान ताही समै मन मै अति डर पाइ ।
म्रिग छउना जिउ सिंह ते भाजे पंख लगाइ ।६।११०।
कछ न बसानी प्रभू सौ अति मन मै खुनसाइ ।
बखा गाव उजार कै चले अवर दिस धाइ ।७।१११।

भुजंगप्रयात—गयो खान जादा हुसैनी पठायो ।
लीए फउज को संगि वह बेग धायो ।

रहे मारगं बीचि राजे अपारि ।
करी रीति बिप्रीति तिन से अपारी ।८।११२।
लरिओ खेत को रोप कै खां हुसैनी ।
करी राज संगं उनै बात पैनी ।
लरिओ हिमतं किमतं खेत पायो ।
हरी सिंह क्रिपाल के जोर धायो ।९।११३।
लीए सात सिखं कीए लोह भारे ।
जुझे संगती सिंह दुरगै सिधारे ।
प्रभुजुध के हेत को खान आयो ।
क्रिपा काल कै राह बीचै खपायो ।१०।११४।

दोहरा--खानु हुसैनी जुध को चडिओ सकल दल साज ।
मारग मै जुझिओ वहै लोह लाज कै काज ।११।११५।

चौपई--कउतक अउर कीए प्रभ घने । प्रभ के खेल प्रभू को बने ।
जाको भेद नैक नै होइ । ताको भेद न जानै कोई ।१२।११६।

इति स्री गुर सोभा खानजादे हुसैनी जुध संपूरन सुभमसत ।४।

दोहरा--पुन आनंदपुर गुर गोबिंदसिंह अब कब करत बखान ।
गिरद पहार अपार अति सतिलुद्र तटि सुभ थान ।१।११७।
चेत मास बीतिओ सकल मेला भयो अपार ।
बैसाखी के दरस पै सतिगुर कीयो बिचार ।२।११८।
संगत दरसन करतु सब नगर नगर बिसथार ।
हुए दइआल दरसन दीओ करनहार करतार ।३।११९।
गोबिंदसिंह करी खुशी संगति करी निहाल ।
कीउ प्रगट तब खालसा चुकिओ सकल जंजाल ।४।१२०।
सब समूह संगति मिली सुभ सतिलुद्र के तीर ।
केतक सुन भए खालसा केतक भए अधीर ।५।१२१।
तज मसंद प्रभ एक जप यहि बिबेक तहा कीन ।
सतिगुर सो सेवक मिले नीर मधि जो मीन ।६।१२२।
सो सति संगति जानीए जह बिबेक बिचार ।
बिन भागन नहीं पाईए जानत है संसार ।७।१२३।

नेम धरम पूजा सकल एक नाम गोबिंद ।
एक बार मुख ते कहो होत अनेक अनंद ।८।१२४।
बचन कहत गुरदेव के सुनि मन मीत बिचार ।
मन बच करम कर भावनी सरन ताहि सुख सार।६।१२५।
जिह मसतक संजोग है सरनि गही तिह आनि ।
इक ऐडे ऐडे फिरत मन मै करत गुमान ।१०।१२६।
मोहि माल संगति सकल कही सिंह गोबिंद ।
मानै हुकम बिबेक सुनि ताको करउ अनंद ।११।१२७।
मान बचन सनमुख भए जिन अंतरि परतीत ।
एको नाम निधान जपि लीओ जनम जिन जीति ।१२।१२८।
गुर गोबिंद गोबिंद गुर करनहार करतार ।
जगत उधारन आइओ जानहू सब संसार ।१३।१२६।

कबित्त—कल मै करनहार निरंकार कला धार,
जगत के उधारबे गोबिंदसिंह आयो है ।
असुर सिंहारबे को दुरजन के मारबे को,
संकट निवारबे को खालसा बनायो है ।
निंदक को निंद दई सिख दई सिखन को,
ताके महातम ते रैन दिवस धिआयो है ।
खालसे के सिखन की निंदकु जो निंद करै,
जानि बूझि नरक परै ऐसो बतायो है ।१४।१३०।

दोहरा—जगत उधारन कारने सतिगुर कीओ बिचार ।
कर मसंद तव दूर सब निरमल कर संसार ।१५।१३१।

छपै—निरमल करि संसार जगत मै बचनि सुनाए ।
कीओ खालसा प्रगट सुनत दुरजन डर पाए ।
सुनि जन करत बिचार चार अचरज सुनि भाई ।
गुपत बात भई प्रगटि अंत गुरदेव बताई ।
मानहि सु संत इह मंत को जनम जीत मुकता भयो ।
कबि तासु रेनि तिह सिक्ख की जु सतिगुर की सरनी अयो ।१६।१३२।

दोहरा—सो समरथ कारन करन तिह समान नही कोइ।
ताकी सेवा सो करे जिसहि परापति होइ।१७।१३३।

चौपई—बचन ताहि बिरलो पहिचानै। जाको दया करै सोई जानै।
गुर सिखन को बचन सुनायो। जो सिखन जग मै प्रगटायो।१८।१३४।
सिर गुमन के मुख नही लागो। पाचन को सब संगि तियागो।
मरन परन तिनके कछ होवै। तहा सिख नही जाइ खलोवै।१९।१३५।

दोहरा—मरने परने तासके सिख न कोई जाइ।
करनहार को बचन है संगति दीओ बताइ।२०।१३६।

चौपई—हुका तिआगै हरिगुन गावै। इछा भोजन हरि रसु पावै।
भदर तिआग करो रे भाई। तब सिखन यह बात सुनाई।२१।१३७।
माति पिता मरे जे कोई। तउ भी कहत न भदर होई।
माता पिता गोबिंद हमारा। ऐ संसारी झूठ पसारा।२२।१३८।
ता पर भदर भूल न कीजै। यह उपदेस सति कर लीजै।
भदर भरम धरम कछु नाही। निहचै जानि संत मन माही।२३।१३९।

दोहरा—संगति भदर मति करो खुर न लावउ सीस।
मात पिता कोई मरै सतिगुर कही हदीस।२४।१४०।

चौपई—मन्नत गोलक अर दसवंध। घरि मै राखो तजो मसंद।
भेट कार सतिगुर की होइ। जाइ हजूरि चड़ावै सोइ।२५।१४१।
ऐसी रीति रहत बतराई। संतन सुनि अधिक मन भाई।
सत संगति मिलि दरसन जाईए। दरसन देखि बहुत सुख पाईयै।२६।१४२।
जनम जनम का मिटै अंधेरा। ऐसा दरसन सतिगुर केरा।
अपराधी कोऊ दरसन करै। एक दिसटि मै वहु भी तरै।२७।१४३।

कबित्त—कीओ है प्रकास लास चमकी चहु ओर तहां
जोति लजाई वंत भयो सूरज अर चंद है ।
जाको दरसन ऐसो दुरमति मल सगल खोत बिनसति
सकल पाप छूटत सभि बंद है ।
खालसे मै सुफल सेव करत है सगल देव
एसो बतायो भेव उपजत अनंद है ।
कहो सिखो वाहगुरू वाहगुरू वाहगुरू,
सतिगुरू सतगुरू सतिगुरू गोबिंद है ।२८।१४४।

दोहरा—मोहि आसरा ताहि को एसो समरथ सोइ ।
सरब धारि समरथ प्रभ ता बिन अवरु न कोइ ।२९।१४५।

कबित्त—कीए जदि बचनि सतिगुरू कारन करन
सरब संगति आदि अंति मेरा खालसा ।
मानेगा हुकमु सो तो होवैगा सिख सही
न मानैगा हुकमु सो तो होवैगा बिहालसा ।
पाच की कुसंगति तजि संगति सौ प्रीति करे
दया और धरम धार तिआगे सब लालसा ।
हुका न पीवै सीस दाडी न मुढावै
सो तो वाहगुरू वाहिगुरु गुरू जी का खालसा ।३०।१४६।

दोहरा—दै दरसन कीनै बिदा मंतर दीओ प्रभ ऐक ।
कहत खालसा खालसा ऐसो करत बबेक ।३१।१४७।

अडिल—करनहार करतार हुकमु करते कीआ ।
कर मसंद सभि दूरि खालसा करि लीआ ।
मानहि सो परवान सुफल तिन का जीआ ।
उन तोरी जम की फास नाम अंम्रित पीआ ।
जी ! जो तू करहि सु होइ कीआ सोई थीआ ।३३।१४८।

दोहरा—खांडे की पाहलि दई करनहार प्रभ सोइ।
कीओ दसो दिस खालसा ता बिन अवर न कोइ।३३।१४९।

अडिल—दे खांडे की पाहल तेज बढाइआ।
जोरावर करि सिंघ हुकम वरताइआ।
जिह मसतकि संजोग तिनी कमाइआ।
इक भूले भरम गवार न पाइआ।
जी ! उनके कछू न हाथ धुरो फुरमाइआ।३४।१५०।

दोहरा—दूतन को संगि साथि तजि दुरमति देहु जलाइ।
हुकमु तेरा सभ सत है मानहि नरक न जाइ।३५।१५१।

अडिल—सिर गुम्मन के मरने परने नहीं जाईए।
पाचन के संगि साथ नेह नहीं लाईए।
तजि परपंच बिकार दुरत जलाईए।
सत संगति परताप नरक न ज़ाईए।
जी ! हुकमु तेरा सब सचु सचु सुख दाईए।३६।१५२।

दोहरा—हुकमु तेरा सब सचु है सुआमी सिरजनहार।
केते भ्रम भ्रम पचि मुए नहि पावत बीचार।३७।१५३।

अडिल—बचन कीउ करतार खुर नहीं लाईए।
मन अंतरि करि प्रीत बचनि कमाईए।
मात पिता मरि जाइ न भदर कराईए।
केते मानहि नाहि धूम उठाईए।
जी ! हुकमु तेरा सब सचु सचु मनाईऐ।३८।१५४।

दोहरा—सतिगुर को उपदेस सुनि रिदे प्रीत करि लेहु।
भेट कार गुरदेव की अवर हाथ नही देहु।३५।१५९।

अडिल—करनिहार की भेटि किसे नह दीजीए।
सतिगुर को उपदेस सति करि लीजीए।

सति संगति मैं बैठि हरि गुन गाईए।
पूरन होवै भाग तब ही पाईए।
जी ! खालसे की अरदास नाम जपाईए।४०।१५६।

दोहरा—एक सिख सनमुख कीए एक न मानहि सोइ।
जो नर सिमरै प्रीत करि ता समान नही कोइ।४१।१५७।

अडिल—हुकमु तेरा सभ सचु सचु बनवारीआ।
इक घड़ीए इक खालसा आपे धारीआ।
इक मानहि इकि मनहि नहीं गवारीआ।
ओइ बधे जम दुआर करहि पुकारीआ।
जी ! जो तू करहि सु होइ सचु सिरजन हारीआ।४२।१५८।

दोहरा—ओइ दुनिया रंगि रचि रहे जग सो अति डर पाइ।
जो जगि कहिओ सु उन कीओ गुर के बचनि भुलाइ।४३।१५९।

अडिल—जो भूले गुरदुआर थाउ न पाइआ।
माया मोह बिकार मूड लपटाइआ।
करि बिखयन सौ प्रीत जनम गवाइआ।
है दुनिआ खिन एक बिरख की छाइआ।
जी ! मूरख मनि अगिआन नजरि न आइआ।४४।१६०।

दोहरा—जिह जन उपजत नाम धुनि तिह जन निरमल रीति।
भजि गोबिन्द भए खालसा जिन अंतरि परतीत।४५।१६१।

अडिल—पारब्रह्म परमेसर गुर गोबिंद है।
सरब घटा प्रतिपाल करत आनंद है।
सिमरत नाम पुनीत टूटत फंद है।
भए खालसा सोइ छोडि मसंद है।
जी ! प्रगट भए चहु ओर सूरजो चंद है।४६।१६२।

दोहरा—एक प्रगट खालस भए एकन की इह रीत।
अंध कूप महि पचि रहे नाहि ताहि सो प्रीत।४७।१६३।

ਅਡਿਲ—ਅੰਧ ਕੂਪ ਮੈ ਮੂੜ ਗਿਆਨ ਨ ਪਾਇਓ ।

अडिल—अंध कूप मै मूड गिग्रान न पाइग्रो ।
संत जना सो नेहु नैक नही लाइग्रो ।
माया मोह बिकार ताहि लपटाइग्रो ।
मन ग्रंतरि करि प्रीत नाम न गाइग्रो ।
जी ! जो कछु भई रजाइ तिते वलि लाइग्रो ।४८।१६४।

दोहरा—जिनके मन मै भाव नही रचे परपंच बिकार ।
संत सभा मिलते नही किग्रा जानहि बीचार ।४६।१६५।

ग्रडिल—हरि के नाम बिसारि परे मझि धारिग्रा ।
मन ग्रंतरि करि प्रीत नामु न बिचारिग्रा ।
भूले जग की काणि जनम सब हारिग्रा ।
जिन जपिग्रा करतार तिसहि उधारिग्रा ।
जी ! खालसा सरनि दुग्रार करो निसतारिग्रा ।५०।१६६।

दोहरा—जो करता सब सिसटि को ताहि सदा मनि जाप ।
दुरमत मिटै हउमै छुटै संत जना परताप ।५१।१६७।

ग्रडिल—संत जना परताप दुरत मिटावणी ।
मन बच करि गोबिंद सोभा गावणी ।
सेवा सुफल ग्रनूप जो तुंधु भावणी ।
तेरी उपमा ग्रपर ग्रपार बहुत सुहावणी ।५२।१६८।

दोहरा—मरि मरि जनमहि ग्रनक बार चउरासी बिउहार ।
बिनु गुर ठउर न पावई देखउ रिदै विचार ।५३।१६९।

ग्रडिल—जो गुर ते विमुख भए तिन ठउर न कोइ ।
मर मर जनमहि ग्रनिक बार तिन गति नही होई ।
चउरासी मै भरमते पावत दुख सोई ।
दुनिग्रा कै रंगि रचि रहै मूरख है सोई ।
जी ! उन हरि नाम न पाइग्रो खटे सो खेई ।५४।१७०।

दोहरा—अंचर गहि सतसंगि को तजि परपंच बिकार ।
दिवस रैनि बीचारीए मन ते दुबधा टार ।५५।१७१।

अडिल—बिसअर दुध दीआईए ओहु बिख नही छोरै ।
गरधब सुगंध लगाईए भुइ सुता लोहै ।
तुमा होइ न मिठडा जे खंड पगोरै ।
सुआन पूछ टेढी रहै कछु होत न होरे ।
जी ! तिउ कपटी होइ खालसा सतिसंग न लोरै ।५६।१७२।

दोहरा—ते नर उझर पाइ अहि जो मन मै गरबाहि ।
जिनके मन मै भै नही अंधे अंधु कमाहि ।५७।१७३।

अडिल—सतसंगति मूल न जाइनी गिआन होहु कमाइआ ।
ओइ सतसंगति सो ना डरहि उनमन गरबाइआ ।
जो सत संगति ना मिलहि उन जनमु गवाइआ ।
हुकमु न मानहि खसम का जिनि राहु बताइआ ।
जी ओइ कपटी होइ न खालसा केता समझाइआ ।५८।१७४।
कुने दे बिचि पाइकै दिचै अग जलाइ ।
कोरडु मोठ न सिजई केता करो उपाइ ।
तिउ कपटी संगति ना रलहि उन बोलिआ कछु न सुखाइ ।
उस सिर मिलनु न लिखिओ भंभल भूसे खाइ ।
जी ! जे सतिगुर क्रिपा करे ता किछु कही न जाइ ।६०।१७६।

दोहरा—खोजत कोटि अनेक जन सोभा अपर अपार ।
रच रचना जिन सभ कीए सो जानै करतार ।६१।१७७।

अडिल—तूं एको नाम अनेक अंत न पाईए ।
कर संतन सौ प्रीत भरम चुकाईए ।
ताको नाम बिसार अउर कित जाईए ।
बहु बिअंत करितार रैन दिन गाईए ।
जी ! खालस की अरदास चरनी लाईए ।६२।१७८।

दोहरा—मोहि आसरो ताहि को ऐसो समरथ सोइ ।
सरब धार समरथ प्रभ ता बिनु अवर न कोइ ।६३।१७६।

अडिल—करि किरपा गोबिंद नाम कीनो मया ।
ओहु बडभागी जुग माहि नाम जिनि जपि लया ।
बिनसे सगल कलेस कूड तन ते गया ।
निरमल भए सरीर जीव मै भउ भया ।
जी ! सो जन तजि अभमान संत सरनी पया ।६४।१८०।

दोहरा—करि किरपा प्रभ आपनी धुर ही लए मिलाइ ।
जो धुरि मिले सो मिलि रहे कही कहन न जाइ ।६५।१८१।

अडिल—इनकी किरपा धारि बखस मिलाइआ ।
इनकी भरम भुलाइ ऊझर पाइआ ।
एक पए असगाह कूड कमाइआ ।
इनकी दित्तो नामु हुकमु मनाइआ ।
एक रहे दरबार जा तुध भाइआ ।६६।१८२।

दोहरा—आदि अंत तिह पुरख की नउतन कथा अपार ।
नरन बरन थकि थकि रहे कोऊ न पावत पार ।६७।१८३।

पउडी—तू सचा करतार हैं तेरा अंत न पारा ।
प्रितपालक संसार को सचु सिरजनहारा ।
जिन तू सिमरिओ अंत बार तिस पार उतारा ।
रच रचना कल धारीआ बहु बिधि बिसतारा ।
जी ! लीला लखी न जाइ किछु तू करने हारा ।६८।१८४।

दोहरा—नाहुन अंत बिअंत प्रभ उपमा अपर अपार ।
रमि रहिओ सब स्रिसटि महि कहत बिचारि बिचार ।६९।१८५।

पउडी—सरब निरंतरि आपि ऐको हे धनी ।
तेरी उपमा अपर अपार सचु सोभा बनी ।

तुहि सिमरै संत अनेक गणती कियां गनी ।
परे सरनि दरबारि छोडि मन ते मनी ।
जी ! तू एको नामु अनेक त्रिसटि सिमरै घनी ।७०।१८६।

दोहरा—किउ सहीए जम त्रास जो जपीए करतार गुनि ।
मुकत भए नर सोइ जिन अंतरि भई एक धुनि ।७१।१८७।

पउडो—जहा दूतन को त्रास परत जम जारसा ।
साचा नाम पुनीत ओटि भई ढालसा ।
बिनसै सगल कलेस गयो जंजालसा ।
चूकिओ आवन जान मिटी सब लालसा ।
जी ! खालस जपि गोबिंद भयो है खालसा ।७२।१८८।

मधुभार छंद—होकै उदास । खालस प्रगास ।
अपरं अपार । संभारवार ।७३।१८९।
गुर बचन कीन । सुनि सबन लीन ।
रिद माहि धारि । कीनो बिचार ।७४।१९०।
तजीए मसंद । सब तोर फंद ।
तजि पंच संगि । रचि एक रंग ।७५।१९१।
खालस सरूप । अनूप रूप ।
गहि तेग लीन । अति जुध कीन ।७६।१९२।
केते प्रकार । ताको बिथार ।
जोधा अपार । करि जुधि सार ।७७।१९३।
बबेकं बिचार । तनखाहदार ।
बसिधा सुधार । करि जगत सार ।७८।१९४।
पासा सुढार । खेले खिलार ।
नगरं अपार । तिनके मझार ।७९।१९५।
अनंद रूप । सुंदर सरूप ।
एसे निहार । गुरू केस धार ।८०।१९६।

इत स्री गुर सोभा बचन प्रगास पंचमो धिआओ संपूरन सुभ मसतु ।५।

कवित्तु—बचन कीओ करनहार संतन कीओ बिचार,
सुपनो संसार काहे लपटाईए ।
बिखीअन सो तजि सनेह सतिगुर की सिख,
लहे बिनसे छिन माहि देहि जम पुर न जाईए ।
सीस न मुडाव मीत हुका तजि भली रीति
मन मै कर प्रेम प्रीति संगति मै जाईए ।
जीवन दिन चारि समझ देखि बूझ मन,
बिचार वाहगुरू गुरू जी का खालसा कहाईए ।१।१९७।

दोहरा—तब दिली मै आइकै सब सो कही सुनाइ ।
केतन मानी प्रीत कर केतन दई भुलाइ ।२।१९८।
बरनत आगे की कथा भई नगर मै सोइ ।
करनहार करता धनी जो कुछु करे सो होइ ।३।१९९।

चौपई—दरसन ते जब संगति आई । गुपत बात लै प्रगट सुनाई ।
कीओ बिवेक धरम तहा साला । सुनि बिवेक सिखन सभपाला ।४।२००।
करि पाहल सब संगति चाखी । पाच पाच सिख कीए साखी ।
खत्री ब्रहमण दुइ रहै निरारा । उन अपने मन माहि बिचारा ।५।२०१।
ब्रहमण होइ कै भदर न कीजै । जग मै सोभ कवन बिधि लीजै ।
इह बिधि अनक भरम भरमाने । करनहार के बचन भुलाने ।६।२०२।
केतक कहत बचन अति भारी । कुला करम छूटत बिओहारी ।
केतक कहत इनो मत कीना । सतिगुर हुकम नही कछु दीना ।७।२०३।
केतक कहत लिखा कछु आवै । तब यह बचन कमाया जावै ।
केतक सुनि कै प्रीत लगाई । तिनहु ठउर संगति मै पाई ।८।२०४।
केतक सुनिकै कुटंब तिआगे । जिनकै बचन अमोलक लागे ।
अंग संग तिनके प्रभ जानो । प्रभ संगी तेई पहिचानो ।९।२०५।

दोहरा—प्रभ तिह निकटि बखानीए जिनि अंतरि प्रतीति ।
प्रीति बिना किव पाईए जाहि कोटि जुग बीत ।१०।२०६।

चौपई—धरमसाल संगति जबि आवै । दरसन पारब्रहम को पावै ।
गुर संगति कछु भेद न होई । मुन जन कथा बखानत सोई ।११।२०७।
कर दरसन दुरमति मल छीजै । उपजै गिआन भला कछु कीजै ।
इछा मन मै जो कछु आवै । करि अरदासं तुरत ही पावै ।१२।२०८।
ए प्रताप खालसे माही । समसर तास और कोऊ नाही ।
जो इम जानै तिह गति होइ । तिह की पदवी लहै न कोई ।१३।२०९।

दोहरा—सिख आसरो ताहि को सासि सासि दिन रैनि ।
एक घरी संगति बिना परत नाहि तिह चैन ।१४।२१०।

चौपई—प्रथमे जाति खत्री एक । तापरि संगति कीओ ब्बेक ।
बाह पकरि कै देहु उठाइ । कहो इसे अपने घरि जाइ ।१५।२११।
सिरगुंम नाव ताहि ठहरायो । प्रिथमे सिखन उसहि उठायो ।
क्रोधवंत मन मै अति भयो । ऊच नीच मुख ते कछु कहियो ।१६।२१२।
तब वहु एक और के आयो । उसहि आनकै भेद बतायो ।
अब लउ ऐसी कबै न देखी । नई बाति इनकी इम पेखी ।१७।२१३।

दोहरा—इन मोसो ऐसी करी कर गहि दीउ उठाइ ।
सुनि प्रीतम किआ कीजीए अब मोहि दहु बताइ ।१८।२१४।

चौपई—तब दूसर चिंता चित करी । अब तो बात कठन बिधि परी ।
सुनि भाई कछु कहन न जाई । महा प्रबल बिधि धूम उठाई ।१९।२१५।
बुरा भला सब को वे कहिते । हम बी सुनिके चुप हो रहिते ।
द्रिड करि राखो आपनो चीत । जै है दोइ चारि दिन बीत ।२०।२१६।
तब उन कछु इक भोजन कीआ । करकै तास मित्र को दीआ ।
भोजन करि कै अधिक अघायो । तब संतोख ताहि मनि आयो ।२१।२१७।

दोहरा—चित चिंता काहे करो कवन उठावन हार ।
सोभ तिहारी नगर मै जानत सब संसार ।२२।२१८।

चौपई—जब वाके उन भोजन कीआ । भोजन खाइ नीर कछु पीआ ।
तब वाके मनि धीरज आयो । प्रीतम ने कछु भला सुनायो ।२३।२१९।

अब तो बाहि दूसरी भई । तन मन की सब चिंता गई ।
दीपत प्रीत भाति इह होई । जलै पतंग दीप पर सोई ।२४।२२०।
इह बिधि जीव दुहन मिलि कीना । जैसे प्रीत होत जल मीना ।
जिउ कामी कामनि बसि आवै । लोग लाज मन ते बिसरावै ।२५।२२१।

दोहरा—जैसे कामी काम सै रैनि दिवस मनि होइ ।
लोग लाज मन ते तजै होनी होइ सु होइ ।२६।२२२।

चौपई—तब दूसर सिखु सिखन मै आयो । सिखन भेदु कही सुन पायो ।
तब वाको उन पूछन कीना । काहे भोजन तै उन दीना ।२७।२२३।
वह तो सिरगुंम हमन उठायो । ते किह बिध छरि मै बठलायो ।
हाथ जोरि कै ऐसे कहियो । बखस लेहु औगन यह भइयो ।२८।२२४।
सब सिखन मिलि इक मन कीना । तब वाको मिलाइ करि लीना ।
अब उहि सो प्रीत न करिहो । जो कछु कहो सोई मनि धरिहो ।२९।२२५।

दोहरा—सतिगुर संगति एक है जउ जानै नर कोइ ।
मारै बखसै आप ही तिह बिन नाही कोइ ।३०।२२६।

चौपई—कतिक दिन जब भए बितीता । अधक तास ताही संगि प्रीता ।
प्रगटि बात सिखन जब सुनी । केतक सुनिकै मूडी धुनी ।३१।२२७।
एक सिख के अउसर भइउ । तब दूसर सिखन मै गइउ ।
तब सब सिखन सीख बताई । बाह पकरि कै दीओ उठाई ।३२।२२८।
केतक संगी अवर उठाए । क्रोधवंत अपने घरि आए ।
कोप कीओ मन मै अति भारा । सभा जोर कै कीओ बिचारा ।३३।२२९।

दोहरा—कपट बैन कहितो गयो करी नई इक राहि ।
समझि बाति करते नही करि गहि देहि उठाइ ।३४।२३०।

चौलोटन छंद—तब ग्रहि मै आयो नर सोई, उपजिउ क्रोध तपतु तन होई ।
केतक सिखन लीओ बुलाई, होइ इकंत सब बैठे जाई ।
बैठे सब जाई बात चलाई, सुनिहो भाई किआ कीजै ।
रैहण जग माही इन मधाई किउ करि तिआग सु कर दीजै ।

मरने अर परने कुल बिउहारा इनो बिचारा दूर करो ।
मिलीए सब संगे हो रंगे सतिगुर सिमरो पार परो ।३५।२३१।

दोहरा—निस दिन सिमरो तास को दिवस रैनि बीचार ।
करन हार सब स्रिसट को वही उतारे पारि ।३६।२३२।

चौपई—तब वाने इक बात बिचारी । करि इकत्र संगति सब सारी ।
अब उपाव ऐसे कछु कीजै । इन की बात दूरि करि दीजै ।३७।२३३।
सरब संगति अउर बी केते । भए इकठे थे सब जेते ।
इन मिलिकै इक मेला कीना । नाई फेर नगर मै दीना ।३८।२३४।
सब संगत तिह ठउर बुलाई । कथा जीव की सबन सुनाई ।
दारापुर मेला ठहरायो । भेद सबै संगति ते पायो ।३९।२३५।

दोहरा—दारा के बाजार मै मेला भयो अपार ।
दरबवंत दुइ खत्री ताने कहिउ पुकार ।४०।२३६।

चौपई—तुम जु हमन धरीआ ठहरायो । काढो हुकमु तुमै कछु आयो ।
हुका पीवै सीस मुंडाई । जु तुमरे मन मै आवै भाई ।४१।२३७।
हमरे बाति इही बिधि होई । भावै तुमै करो सब सोई ।
जो तुम गुनहगार ठहरावो । मिले न हमरे कोई आवो ।४२।२३८।
तब सुनिकै सब ही चुप धारी । मिलन काज यह बात बिचारी ।
धन्न धन्न कहि उठे पुकारे । जग मै बात भली इम सारे ।४३।२३९।

दोहरा—जउ लगि लिखा हजूरि का आवै संगति माहि ।
तव लगि सब सो मिलि रहो नही करो कछु नाहि ।४४।२४०।

चौपई—तब उनही जागहा इक दीनी । तहा इकठी संगति कीनी ।
खुली बाति सब ने ठहराई । सब सो मेल करो रे भाई ।४५।२४१।
गिआरस एक मेल जब कीना । यह उपदेश सबन को दीना ।
पिता पुरखी जो होइ आई । सो करीए ऐसे बतराई ।४६।२४२।
केतन के सुनि मनि चिति आई । भली बात कीनी है भाई ।
केतन कहिओ रहत नही होई । हमतो बाति न मानै कोई ।४७।२४३।

दोहरा—रहत तिआरा तिन ने करी भए खुलासे सोइ ।
खास बचन जाने नही करता करे सो होइ ।४८।२४४।

छपै छंद—करता करे सो होइ रहत तिनहू सब तिआगी ।
सति संगति सो प्रीति तोरि बिखअन सौ लागी ।
गुर के बचन बिसारि कीउ बीचारि खुलासा ।
कहत खालसा नाहि होत जम पुरि तिह बासा ।
ऐसो बिचारि मन मीत करि सकल भरम तजि दीजीए ।
बचन कीओ कारन करन सति सति सब कीजीए ।४६।२४५।

दोहरा—बचनि कीओ करतार सुनि मेरे मन प्रीत कर ।
गए बिसारि गवार तिन की करि न चीत धरि ।५०।२४६।

कबित्त—खालसा बिसारि कै उधारु कीओ चाहत है,
सो तो अब कहू नाहि ऐसे करि जानीए ।
जैसे कै मीन धीन नीर बिना तजै प्रान,
ऐसे गुर सबदि बिना मूरख बखानीए ।
चिला जो नहि कमान कैसे कै चलावै बान,
मन मै करि देखि गिआन ऐसे पहिचानीए ।
चलनी जो रहत छान मूरख है ता समान,
सतिगुर के बचन कान सुनि कै न मानीए ।५१।२४७।

दोहरा—प्रभ के बचनि बिसारिकै मीत कीओ संसार ।
मन मै अवर बिचारते भूलत भरम गवार ।५२।२४८।

सवैया—मन ते तजि लाज अकाज कीओ जिनके दुरबुधि प्रकासु कीओ है ।
क्रोध महा हिरदे तिनके जिनके ढिग पाप निवास कीओ है ।
झूठ की बातन सो लिपटे अटके सति संगति मै सु कीओ है ।
धंनि तेई जन धंन सदा जिन एक ही नामु अधारु कीओ है ।५३।२४६।

दोहरा—जिभिआ रस तिआगे सकल एक भजन सो काम ।
सुफल जनम तिह जानीए निस दिन सिमरे नाम ।५४।२५०।

चौपई—नाम निरंजन है प्रभ सोई । प्रगटिस्रो सात दीप तिहु लोई ।
नव खंडन मै जोति तिहारी । सिमरै मुनि जन वार न पारी ।५५।२५१।
अनगनि कोटि जपै तुहि केते । सगल स्रिसटि मै प्रानी जेते ।
मन बच करम सतिगुर को धिआवै । तिह प्रताप जोनि नही आवै ।५६।२५२।

त्रिभंगी—वे जोन न आवै मनि चित लावै सबदि कमावै भगति करै ।
सेवै नर सोई जिह धुरि होई बिन लेखे धुरि कउन तरै ।
किस ही कर नाही इस जग माही जो नर कोई सकति धरै ।
करता प्रभ सोई अवर न कोई जो सिमरै सो धारि परै ।५७।२५३।

दोहरा—पतित उधारन भै हरन सुमति ताहि सुख सार ।
सोई प्रभ इस रूप है जिनि सिरजिओ संसार ।५८।२५४।

त्रिभंगी—है प्रभ सोई करै सो होई अवर न कोई सो करता ।
जाको सभ गावै नौनिध पावै अपरंपर दुख को हरता ।
सब जग जानै मुनि जन मानै गण गंधर तिह सेव करे ।
ऐसा प्रभ सुआमी अंतरजामी देव कोटि तेतीस डरै ।५९।२५५।

दोहरा—सासि सासि सिमरे सदा दिवस रैन बीचार ।
उतम किरिआ करत है से गनीए संसार ।६०।२५६।

चौपई—करनहार जानत सब सोई । बाहर भेस किही बिधि होई ।
ताते गुपत कछू नही रहै । जानत सब कछु विन ही कहै ।६१।२५७।
है समरथ प्रभ अगम बखानै । तन मन की बिरथा सब जाने ।
प्रभ पूरन करता सभ सोई । ता बिनु कितहू अवर न कोई ।६२।२५८।

त्रिभंगी—अवर न कोई चहु दिस सोई प्रगट पुरख है एक धनी ।
सेवक जो गावै नउ निधि पावै दुरजन की नहीं रहत मनी ।
केते गुन गावै सो सुख पावै तिनको जसु जग माहि भनी ।
करता प्रभ वोही करे सो होई उनकी सोभा उनहि बनी ।६३।२५९।

इति स्री गुरु सोभा बचन बिचार छठमा । संपूरनम सुभमसतु ।।६।।

दोहरा—हरि प्रभ चाहे सो करे बुरा भला जिह हाथ ।
संगति बिन नही पाईए समझ देख यह बात ।१।२६०।

सवैया—सो मनमै कर देख बिचार जपे करतार तबै गति होई ।
दुख मै भुख मै सुख मै तुहको होत सहाए करता प्रभ सोई ।
दीन दइग्राल सदा प्रभ पूरन ताहि बिना कहु ग्रवर न कोई ।
ऐसी जगत मै जोत तिहारी बिचारी सु याकबि की गति जोई ।२।२६१।

दोहरा—ग्रंचर गहि सति संगि को तजि प्रपंच बिकार ।
दिवस रैनि बीचारीए पतति उधारनहार ।३।२६२।

चौपई—एक सिख निरमल जिह रीति । ग्रंतरि गति सतिगुर सो प्रीत ।
हुकमु पाइ उन देह तिग्रागी । ग्रंत समे गुर सौ लिव लागी ।४।२६३।
ता पर भदर कीग्रो न भाई । जाति लोक सब दीए उठाई ।
ता पर चरचा चली ग्रपारा । भयो इकत्र नगर सब सारा ।५।२६४।
इन सो बनजु करो मत कोई । कुल की चाल इनो सब खोई ।
तब पंचन मिलि लिखत कराए । बेद सति सति लिखवाए ।६।२६५।

दोहरा—इन सो सवदा मत करहु नहि कुटंब बिउहार ।
जो ग्रागे कुल मै भई सो बरतो संसार ।७।२६६।

चौपई—इह बिचार पंचन मिलि कीना । केतक मिल कर ग्रंत दीना ।
इनसौ बात भांति इह कीजै । इन की बाति चलन नही दीजै ।८।२६७।
इनो राह इक नई चलाई । सतिगुर इनै नही बतलाई ।
इह बिधि करिकै लिखत कराए । केतक जीव जाइ लिख ग्राए ।९।२६८।
केतन लिख कै दीग्रो बहाई । यही बात संगति बतलाई ।
कर बीचार यहै ठहरायो । पाड चीर कै लिखत बहायो ।१०।२६९।

दोहरा—जो सब संगति ने कहिग्रो वहै काज उन कीन ।
लिखिग्रो सु लिखत बहाइए, यैह बबेक तव दीन ।११।२७०।

चौपई—चली बात पंचन मै ग्राई । लिखत सकल उन दीग्रो बहाई ।
तब उन ही बिचार यह कीना । सब बजार बंद करि दीना ।१२।२७१।

फिरि गाढे करि लिखत कराए। केतन किरत बिना दुख पाए।
केतन जाइ जाइ लिखि दीना। जो उन कहिओ सोई उन कीना।१३।२७२।
केतन आस एक पर धरी। केतन ऊच नीच चित करी।
केतन दर दरसन को धाए। केतन ग्रिह हाकम के आए।१४।१७३।

दोहरा—केतन दरसन को गए केतक भए उदास।
केतक हाकम के गए नहि राखिओ बिस्वास।१५।२७४।

चौपई—केतक सिखन यहि मति धारा। हाकम आगे करी पुकारा।
पंचन नगर बंद सभ कीना। इन को हुकम कछू तुम दीना।१६।२७५।
मधम जीत रीत उन धारी। करन न पावै हम बिओहारी।
तब हाकम बिचार यैह कीना। तिनके हुकमु साथ कर दीना।१७।२७६।
जाइ मजीत कहो रे भाई। इनका हाटै देहु खुलाई।
लीने हुकमु तहा चल आए। जे सिरदार तेई बतलाए।१८।२७७।

दोहरा—देखत ही चवके सकल हुते पंच सब सोइ।
हाटन खोल न देहिगे होनी होइ सु होइ।१९।२७८।

चौपई—मिलि पंचन इम बात बनाई। सब मजीत बंद करवाई।
मिले अपार नगर मै सोई। कहत खालसा किह बिधि होई।२०।२७९।
देखहु अब कैसे बन आवै। कैसी सोभ खालसा पावै।
करीए अबि इनसो बिधि सोई। कहै न फेर खालसा कोई।२१।२८०।
मिलि हाकम के बात बनाई। इनो राह इक नई चलाई।
कुला करम के मारग तिआगे। करि है चाल अउर इम लागे।२२।२८१।

दोहरा—वाहगुरू का खालसा कहत सकल मिलि सोइ।
पूछो इनै सुचेति कै जो तुमरे मन होइ।२३।२८२।

चौपई—पातसाह दिलीपति सोई। कहत खालसा ताको होई।
तुमो खालसा किआमति धारा। सो बिधि कहीए सोच बिचारा।२४।२८३।
तब सिखन यह बात बताई। सतिगुर पुरख महा सुखदाई।
आगै जिनकै नाइब होते। नाव मसंद सगल थे जेते।२५।२८४।

दोहरा—सो सतिगुर कीए दूरि सब परम जोति निज धारि ।
सगल सिख भए खालसा सुनीए साच विचार ।२६।२८५।

चौपई—तब बिचार हाकम सुनि रहा । मिलि सिखन ऐसे कछु कहा ।
तब मिलि पंचन यह मत कीना । कछु इक परचु तास को दीना ।२७।२८६।
एक बर इनको गहि कीजै । भेट कसी हमते कछ लीजै ।
तब उन खरच हाथ करि लीना । जो उन कहिग्रो सोई उन कीना ।२८।२८७।
कतक सिख पकरि बैठाए । केतक सुनत महा डर पाए ।
ऊच नीच केतन सो करी । ऐसी बात प्रबल हुइ परी ।२९।२८८।

दोहरा—मिलि पंचन कीनो मता धरीए संगि ग्रपार ।
एक ग्रोर भयो खालसा एक ग्रोर संसार ।३०।२८९।

कवित्त—संतन के काज की सु लाज तैही भरन कही,
ग्रौर मेरे सुग्रामी बेर कौन सी कही है ।
धडीए बट पडीए ग्रौर नगर के ग्रपार लोग,
खालसे के सिखो साथ नीच ऊच भई है ।
कहते है कपट बैन सुनत ही न प्रत चैन,
कांपत सरीर सरन तेरी गही है ।
सुनीए पुकार करनहार नह विलंम धार,
तेरो ही ग्रधार बात तुझ ताई रही है ।३१।२९०।

दोहरा—सुनि दिग्राल क्रिपाल हो भयो जु ग्रान सहाइ ।
हाकम के मन मै बसी हाटै दई खुलाइ ।३२।२९१।

चौपई—सब मजीत खोल कर दीनी । तब सुला ग्रापस मो कीनी ।
हाटै खुली भयो रुजगारा । भयो ग्रनंद क्रोध जब मारा ।३३।२९२।
मिलि ग्रापस मै बहु सुख कीना । ग्रधिक हेत ग्रागे ते चीना ।
फेरि सिख संगति मै ग्राए । केतन ग्राइ गुनाह बखसाए ।३४।२९३।
तब सिखन उन लीग्रो मिलाई । फेरि चाल दरसन की ग्राई ।
